बोरबलड़ा गांव में पहली बार दीपावली बिजली से रोशन

कपकोट, संवाददाता। आजादी के बाद पहली बार जिले के अंतिम गांव बोरबलड़ा के लोगों ने बिजली की रोशनी में दीपावली मनाई। गांव में इस वक्त 56 परिवार रहते हैं। इससे पूर्व लोगों ने माइक्रोहाइडिकल की बिजली से दीपावली मनाई।

ऊर्जा निगम ने गांव तक बिजली पहुंचाने का काम छह महीने पहले पूरा किया। बिजली गांव में आने से प्रवासी भी इस बार दीपावली पर अपने गांव पहुंचे। कई लोगों ने एलईडी टीवी और अन्य उपकरण दीपावली पर खरीदे। ग्रामीणों ने विधायक सुरेश गड़िया के प्रति आभार जताया है। इधर, ऊर्जा निगम के एसडीओ एसएस भंडारी ने बताया कि कपकोट में पूरे क्षेत्र में यूपीसीएल की लाइट पहुंच गई है। एकमात्र कुंवारी बचा हुआ है, जो इस मार्च तक बिजली से जुड़ जाएगा।



बोरबलड़ा में पहली बार बिजली की रोशनी में जगमगाई दीपावली।